समाहरणालय, सहरसा
(जिला राजस्व शाखा)
—: आदेश :—

प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 590/रा०, दिनांक 08.09.2014 के आलोक में **"ऑपरेशन भूमि दखल"** के तहत् "विभिन्न स्रोतों यथा सिलिंग अधिनियम के अन्तर्गत अधिशेष घोषित भूमि, भूदान के अन्तर्गत प्राप्त भूमि, गैरमजरूआ मालिक एवं गैरमजरूआ आम भूमि सुयोग्य श्रेणी के परिवारों/व्यक्तियों को आवंटित कर उन्हें उक्त भूमि का पर्चा जिला स्तर से निर्गत किया गया था, किन्तु उक्त भूमि से पर्चाधारी बेदखल हैं", वैसे पर्चाधारियों को आवंटित भूमि पर पुलिस बल के सहयोग से दखल दिलवाया जाना है।

इस क्रम में अंचल बनमा ईटहरी के बेदखल पर्चाधारियों का विशेष शिविर आयोजित कर आवंटित भूमि पर निम्नांकित तिथि के अनुसार दखल दिलवाया जाना है :—

क्र०	अंचल का नाम	पंचायत का नाम	मौजा का नाम	विशेष शिविर की तिथि
1	2	3	4	5
1	बनमा ईटहरी	घौड़दौर	घौड़दौर	10.06.2015
		रसलपुर	मुरली	11.06.2015 एवं 17.06.2015
		" "	रसलपुर	11.06.2015
		महारस	समसुद्दीनपुर	15.06.2015
		" "	देवकौल	15.06.2015
		ईटहरी	हथमंडल	18.06.2015, 22.06.2015 एवं 30.06.2015
		सहुरिया	सहुरिया	24.06.2015 एवं 25.06.2015

अतः अंचलाधिकारी बनमा ईटहरी को आदेश दिया जाता है कि स्थानीय थानाध्यक्ष से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु आवश्यक पुलिस बल प्राप्त करेंगे तथा बेदखल पर्चाधारियों को आवंटित भूमि का अंचल अमीन से सीमांकन करवाकर दखल दिलवाना सुनिश्चित करेंगे।

इसकी सूचना सभी संबंधितों को दी जाय।

09/06/15
प्रभारी पदाधिकारी,
जिला राजस्व शाखा, सहरसा।

09-6-2015
समाहर्त्ता,
सहरसा।

ज्ञापांक .....513-2...../रा०, सहरसा, दिनांक 09..... जून, 2015।

प्रतिलिपि :— अंचल अधिकारी, बनमा ईटहरी को सूचनार्थ एवं अनिवार्य रूप से अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :— भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सिमरी बख्तियारपुर को सूचनार्थ एवं अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— अनुमंडल पदाधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर को सूचनार्थ एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— पुलिस अधीक्षक, सहरसा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने स्तर से संबंधित थानाध्यक्ष को अपेक्षित आवश्यक सहयोग हेतु निदेशित करेंगे।

प्रतिलिपि :— जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन०आई०सी०, सहरसा को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

09/06/15
प्रभारी पदाधिकारी,
जिला राजस्व शाखा, सहरसा।

09-6-2015
समाहर्त्ता,
सहरसा।